# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

Strive for Perfection

## SAMPLE PAPER

**PERIODIC TEST – II SESSION 2025 – 26**

**CLASS – V**

**TIME : 1 : 30 MIN.** **SUBJECT – HINDI** **M.M:40**

**भाग – क (पठन)** **(5)**

**(1) दिए गए गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :–**

सच्चा मित्र शिक्षक की तरह होता है। जिस प्रकार शिक्षक अपने छात्रों को अच्छाई तथा सन्मार्ग की ओर ले जाता है, उसी प्रकार सच्चा मित्र भी अपने मित्र को बुराई की ओर जाने से रोकता है । सच्चा मित्र एक ख़ज़ाने की तरह है। जिसे जीवन में सच्चा मित्र मिल गया, उसे समझो बहुत बड़ा ख़ज़ाना मिल गया । कभी – कभी मानव जीवन में ऐसी अवसर भी आते हैं, जब मनुष्य निराश हो जाता है। जीवन के प्रति उसका मोह समाप्त हो जाता है । ऐसी अवस्था में सच्चा मित्र आशा की किरण बनकर, जीवन के प्रति आकर्षण पैदा करता है । मनुष्य के मन पर जितना प्रभाव मित्र का पड़ता है, उतना अन्य किसी का नहीं।

**(क)** सच्चा मित्र किसकी भाँति होता है ?

**(ख)** जिसे सच्चा मित्र मिल गया, मानो उसे क्या मिल गया ?

**(ग)** सच्चे मित्र के क्या – क्या कर्तव्य हैं ?

**(घ)** 'अच्छा' शब्द की भाववाचक संज्ञा क्या होगी ?

**(ड)** उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

**भाग – ख (व्याकरण)** **(15)**

**(2) कोष्ठक में, दिए गए उचित विशेषण शब्दों से खाली जगह भरिए :–** **(3x1=3)**

**(क)** यह सेब __________ रंग का है। **(लाल / काला)**

**(ख)** विभा बहुत __________ है। **(पढ़ना)**

**(ग)** हम सब __________ लोग है। **(भारत)**

**(3) वाक्यों को पढ़िए और क्रिया के सही भेद में (√) निशान लगाइए :–** **(3x1=3)**

**(क)** रमा तैर रही है। अकर्मक क्रिया
सकर्मक क्रिया

**(ख)** शेर घूम रहा है। अकर्मक क्रिया
सकर्मक क्रिया

**(ग)** पेड़ पर फल लगे है। अकर्मक क्रिया
सकर्मक क्रिया

**(4) सही क्रिया विशेषण शब्दों से खाली जगह भरिए :–** **(3x1=3)**

**(क)** रमा __________ बोलती है।

**(ख)** कछुआ __________ चलता है।

**(ग)** मेरा बस्ता __________ रखा ळें

**(5) दिए गए संबंधबोधक शब्दों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए :–** **(2x1=2)**

**(क)** के बराबर **(ख)** के बिना

**(6) दिए गए वाक्यों में समुच्चयबोधक शब्दों को रेखांकित करके अलग लिखिए :–** **(3x1=3)**

**(क)** जल्दी चलो ताकि बस पकड़ सके ।

**(ख)** शांति से बैठो या यहाँ से चले जाओ।

**(ग)** रमा अंदर आ गई क्योंकि बाहर बारिश हो रही थी ।

**(7) दिए गए वाक्यों को विस्मयादिबोधक शब्दों को वाक्य पूरा कीजिए :–** **(2x0.5=1)**

**(क)** __________ तुम्हें नौकरी मिल गई ।

**(ख)** __________ आगे गड्ढ़ा है।

## भाग – ग (पाठ्य – पुस्तिका) (15)

**(8) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–** **(4x2=8)**

**(क)** 'सत्यवादी हरिश्चंद्र' नाटक देखने के बाद गाँधी जी क्या सोचा करते थे ?

**(ख)** द्रोणाचार्य ने अपने शिष्यों को क्या समझाया ?

**(ग)** परीक्षा में कौन सफल हुआ और क्यो ?

**(घ)** समीर के पिता खुद को धिक्कारते हुए क्या सोचने लगे ?

**(9) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए :–** **(4x1=4)**

**(क)** श्रेष्ठ **(ख)** श्रेणी **(ग)** धिक्कार **(घ)** बुजुर्ग

**(10) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर में (√) निशान लगाइए :–** **(3x1=3)**

**(क)** दादा जी के सिरहाने क्या रखा रहता था ?

लालटेन ( ) टार्च और मोमबत्ती ( ) माचिस ( )

**(ख)** कौन – सा नाटक देखने पर भी गाँधी जी को तृप्ति नहीं होती थी ?

चित्रलेख ( ) हरिश्चंद्र ( ) श्रवण कुमार ( )

**(ग)** श्री गुरूदेव के चरणों में प्रणाम है।

सब राजकुमारों ने द्रोणाचार्य से ( ) अर्जुन ने द्रोणाचार्य से ( )

## भाग – घ (लेखन) (5)

**(11) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए :–**

वर्षा ऋतु

**अथवा**

कंप्यूटर